भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
31.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1408 का उत्तर

तेलंगाना में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास

1408. श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है;

(ख) देश में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के उद्देश्य क्या हैं;

(ग) तेलंगाना राज्य में पुनर्विकसित किए जाने वाले प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए इस संबंध में क्या प्रस्तावित उपाय किए गए हैं/किए जाएंगे?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

तेलंगाना में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास के संबंध में दिनांक 31.07.2024 को लोक सभा में श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी के अतारांकित प्रश्न सं. 1408 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): रेल मंत्रालय ने भारतीय रेल के रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए 'अमृत भारत स्टेशन योजना' शुरू की है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ सतत् आधार पर रेलवे स्टेशनों के विकास की संकल्पना की गई है।

इसमें प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर स्टेशन पहुंच, परिचलन क्षेत्र, प्रतीक्षालय, शौचालयों, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर में सुधार, प्लेटफॉर्म सर्फेसिंग और प्लेटफॉर्म को कवर करना, स्वच्छता, नि:शुल्क वाई-फाई, 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एक्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामोदिष्ट स्थान, भूदृश्य निर्माण आदि जैसी सुविधाओं में सुधार के लिए हुए मास्टर प्लान तैयार करना और उनका चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वयन शामिल है।

इस योजना में आवश्यकता, चरणबद्धता और व्यवहार्यता के अनुसार स्टेशन भवन में सुधार, रेलवे स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण, मल्टी-मोडाल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित पटरियों की व्यवस्था और लंबी अवधि में स्टेशन पर सिटी सेन्टर्स के निर्माण की संकल्पना की गई है।

इस योजना के अंतर्गत अभी तक 1324 रेलवे स्टेशनों को चिह्नित किया गया है जिनमें से 40 स्टेशन तेलंगाना राज्य में स्थित हैं। तेलंगाना राज्य में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास के लिए चिह्नित स्टेशनों के नाम निम्नानुसार हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों का नाम
तेलंगाना	40	आदिलाबाद, बसर, बेगमपेट, भद्राचलम रोड, गडवाल, हफीजपेटा, हाई-टेक सिटी, उप्पुगुडा, हैदराबाद, जाडचेरला, जनगांव, काचेगोड़ा, कामारेड्डी, करीमनगर, काजीपेट, खम्मम, लिंगमपल्ली, मधिरा, महबूबाबाद, महबूबनगर, मलकापेट, मल्काजगिरी, मंचिर्याल, मेडक, मेडचल, मिर्यालगुडा, नालागोंडा, निजामाबाद, पेड्डापल्ली, रामागुमडम, सिकंदराबाद, शादनगर, श्री बाला ब्रह्मेश्वरी जोगलम्बा, तंदूर, उमडांगर, विकाराबाद, वारंगल, यदाद्री, याकूतपुरा, जहीराबाद।

******